भारत निर्वाचन आयोग

निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001

सं. ईसीआई/पीएन/77/2018 **दिनांक: 12 नवम्बर, 2018**

प्रेस नोट

विषय: भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट का शुभारंभ।

भारत निर्वाचन आयोग ने आज https://eci.gov.in पर अपनी नवनिर्मित वेबसाइट के शुभारम्भ की घोषणा की। सुव्यवस्थित एवं सहज डिज़ाइन, उन्नत कार्यात्मकता और विपुल विषयवस्तु वाले विविध क्षेत्र इस पूर्णतया नवनिर्मित वेबसाइट की विशेषता है, जो विज़िटरों को उनके निर्वाचन से संबंधित मामलों में संसूचित निर्णय लेने में सहायता प्रदान करेगी।

2. यह नई वेबसाइट प्रयोक्ताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। सुव्यवस्थित प्रयोक्ता इंटरफेस एक गहन परस्पर अनुभव प्रदान करता है और प्रयोक्ता अपनी वांछित सूचना को सहजतापूर्वक ढूंढ पाता है। विजिटर अपनी इच्छानुसार वेबसाइट पर जा सकते हैं और वे गहन तादात्मय स्थापित करके निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में अधिक से अधिक सीख सकते हैं।

3. नए कलेवर और अनुभूति युक्त यह नई साइट प्रयोक्ताओं को भारत निर्वाचन आयोग के व्यापक संसाधनों और उपलब्ध करवाई जाने वाली सेवाओं की सहजतापूर्वक जानकारी प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है। एक पूर्ण अनुक्रियात्मक अनुभव प्रदान करते हुए यह नई वेबसाइट प्रयोक्ता को डेस्कटोप से लेकर मोबाइल ब्राउसिंग तक एक अंतहीन आयाम देती है और बड़ी ही चतुराई से

प्रयोक्ताओं के लिए सभी संबंधित क्षेत्रों से नवीनतम विषयवस्तु ग्रहण करती है ताकि उन्हें कोई भी सूचना सहज एवं त्वरित रूप से मिल सके।

4. अलग-अलग क्षेत्रों वाले पूर्ववर्ती प्ररूप के विपरीत नए विजिटर को एक ही केन्द्रीय स्थान पर सभी चीजें एक साथ दिखाई देती हैं और इससे शीर्षक अथवा डिवीजन के आधार पर विषयवस्तु को खोजा जा सकता है।

श्री ओ.पी.रावत, मुख्य निर्वाचन आयुक्त कहते हैं कि, *"हम अपनी नई वेबसाइट के शुभारम्भ पर अत्यंत उत्साहित हैं और हमें आशा है कि प्रत्येक नागरिक सहजता से भारत निर्वाचन आयोग के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेगा। विजिटरों को इस साइट का नया कलेवर और अनुभूति, विशेषकर इसका नेविगेशन पसंद आएगा, जहां एक ही स्थान पर भारतीय निर्वाचन आयोग की संपूर्ण विषयवस्तु उपलब्ध है। यह नवनिर्मित वेबसाइट स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी निर्वाचनों के प्रति हमारी प्रतिबद्धताओं को दर्शाती है। यह नई साइट हमारी मतदाता उनमुखी कार्यनीति का एक महत्वपूर्ण अंग है और यह ईसीआई के डिजिटल प्लेटफॉर्म को ईसीआई विजन के कहीं ज्यादा करीब लाती है।*

5. इसकी नई विशेषताएं निम्नलिखित हैं:-

1. **प्रभावी डिजाइन:** नई वेबसाइट पूर्णतया मोबाइल अनुकूलित (अप्टिमाइज्ड) है। भारत निर्वाचन आयोग की मोबाइल अनुकूलित साइट एक ज्यादा उन्नत वेबसाइट है। मोबाइल ओप्टिमाइज्ड का अर्थ है कि ईसीआई की साइट हस्तधारित (हैंडहैल्ड) अथवा टेबलेट उपकरणों के लिए स्वयं को रिफोरमेट कर लेगी। जब प्रयोक्ता किसी आई फोन/एंड्राइड अथवा अन्य उपकरण को चला रहा होता है तो बडे आकार वाले नेविगेशन बटन, पुन: स्वरूपित विषय - वस्तु और अलग तरह की आप्टिमाइज्ड छवियां दिखाई देती हैं। भारत निर्वाचन आयोग की नई वेबसाइट न केवल मोबाइल अनुकूलित है, अपितु यह पूर्णतया प्रभावी डिजाइन से भी युक्त है। प्रभावी डिजाइन से तात्पर्य है कि ईसीआई की वेबसाइट, यदि डिवाइस पर ध्यान न दें, तो पूर्णतया परिस्थिति अनुकूल है। किसी विशेष प्रकार के ब्राउजर अथवा विशेष प्रकार के उपकरण का पता लगाने की बजाय यह वेबसाइट स्वत: उपकरण की स्क्रीन के आकार के आधार पर खुद को अनुकूल बना लेती है। पूरी साइट की रिफोर्मेटिंग और पुन: अनुकूलन का मिश्रण कल्पनातीत व्यावहारिक अनुकूलता प्रदान करता है।
2. **नवीकरण एवं सहज नेविगेशन:** यह साइट मुख्यत: नागरिकों, निर्वाचकों, अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों, शोधकर्त्ताओं, मीडिया एवं भारत निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। सहज नेविगेशन और भूमिका-आधारित अभिगम नियंत्रण के

प्रयोजनार्थ वर्गीकरण को भी ध्यान में रखा गया है। नई वेबसाइट में भारत निर्वाचन आयोग के साइबर सुरक्षा संबंधी विनियमों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षात्मक विशेषताओं की और अधिक वृद्धि की गई है।

3. **उन्नत अनुसंधान:** "सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषयवस्तु को उजागर करना"। नई विषयवस्तु को तलाशने के लिए प्रयोक्ताओं की मदद हेतु अनेक सशक्त साधनों से परिपूर्ण यह नई वेबसाइट प्रयोक्ता द्वारा अपनी इच्छा की संबद्ध विषय वस्तु को तलाशने में लगने वाले समय को कम करती है। विषयवस्तु को ढूंढने के लिए सटीक कंट्रोल युक्त एक पूर्ण सर्च इंजिन शामिल किया गया है। विविध प्रकार के उपलब्ध फिल्टरों और विषय वस्तु के किस्म के अनुसार उसे ढूंढने की क्षमता से प्रासंगिक विषयवस्तु को ढूंढना सहज है। यह सुविधाजनक भी है- प्रत्येक पृष्ठ पर द्रुत (क्विक) सर्च बॉक्स है।
4. **व्यापक सुलभता:** इस साइट को दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के लिए सुलभ बनाया गया है। नए तरीके से डिजाइन की गई वेबसाइट सुलभ विशेषताओं से युक्त है जैसे स्क्रीन रीडर ऐक्सेस, हाई कॉन्ट्रास्ट, स्ट्रक्चर्ड हैडिंग्स इत्यादि।
5. **गतिशील विषय-वस्तु और आदान-प्रदान:** आधुनिक विश्व की सर्वोच्च आवश्यकताओं में से एक है विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से शीघ्रतापूर्वक जानकारी का आदान-प्रदान करना। भारत निर्वाचन आयोग की नई वेबसाइट ई-मेल, फेसबुक, ट्वीटर आदि जैसे साधनों के माध्यम से परस्पर आदान प्रदान की व्यापक सुविधाएं प्रदान करती हैं। विकेन्द्रीकृत विषय - वस्तु परिनियोजन से समाचारों, परिपत्रों और संदेशों का सटीक एवं त्वरित प्रचार-प्रसार सुनिश्चित होगा।

6. चूंकि वर्तमान वेबसाइट से कई प्रयोक्ता परिचित थे, अत: आयोग ने यह सुनिश्चित किया कि वर्तमान वेबसाइट को भी कुछ समय के लिए जारी रखा जाए। वर्तमान वेबसाइट https://eci.nic.in पर उपलब्ध रहेगी और नई वेबसाइट https://eci.gov.in पर संचालित होगी।

भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की रूप-रेखा एवं डिजाइन वेबसाइट देखने वाले ऐसे किसी भी व्यक्ति के लिए स्पष्ट होगा, जो वेबसाइट के विगत संस्करण से परिचित है। भारत निर्वाचन आयोग की आईसीटी डिवीजन ने इस प्रयोक्ता इंटरफेस का अत्यधिक आधुनिकीकरण किया है ताकि बड़ी संख्या में बढ़ते हुए प्रयोक्ता इससे लाभान्वित हो सकें, क्योंकि भारत निर्वाचन आयोग औद्योगिकी के नए-नए क्षेत्रों में पैठ बना रहा है और यह आगामी निर्वाचनों के दौरान 875 मिलियन निर्वाचकों की व्यापक सूचना प्रचार-प्रसार संबंधी अपेक्षाओं की पूर्ति करेगा।

ह0/-
(पवन दीवान)
अवर सचिव